स्कूल में ईच वन-प्लांट वन अभियान की शुरुआत

गुरुग्राम, (वीअ)। सेक्टर-59 बांधवाड़ी स्थित मेड ईजी स्कूल में क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया के तहत बुधवार से अभियान शुरू किया गया है। छात्रों के लिए 'ईच वन, प्लांट वन' अभियान लांच किया गया है। जिसके तहत स्कूल का प्रत्येक छात्र एक पौधा लगाएगा। इसके अलावा अभिभावकों समेत दूसरों को जागरूक करेगा। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन छात्रों में संस्कार गार्डन अवधारणा का विकास किया जाएगा। जिसके तहत छात्रों से जन्मदिन पर पौधे लगवाए जाएंगे। जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी शिक्षा के दौरान छात्रों की होगी।

स्कूल छोड़ने के बाद भी छात्र लगाए गए पेड़ों की देखभाल कर सकेगा। मेड इजी ग्रुप के सीएमडी वी सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि स्कूल का मकसद बच्चों को शिक्षा के साथ पर्यावरण सुधार की दिशा में कार्य करना है। प्रकृति के समीप लाकर छात्रों को कौशल युक्त बनाया जाएगा।